छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./ 800 /2023 दिनांक : **07 / 06 / 2023**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर।

विषय : सत्र 2022–23 के बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छूटी हुयी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के सन्दर्भ संख्या सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./791/2023, दिनांक 05.06.2023 द्वारा निर्गत अधिसूचना का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सत्र 2022–23 के बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षायें किसी कारणवश छूट गई थी अथवा वे अनुपस्थित हो गये थे, उन्हें दिनांक 07.06.2023 से दिनांक 13.06.2023 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अर्थदण्ड स्वरूप निर्धारित शुल्क रू0 7500/– प्रति परीक्षार्थी जमा करते हुए आनलाइन आवेदन करने का अवसर प्रदान किया गया था।

इस क्रम में अवगत कराना है कि आदेशानुसार उपरोक्त के स्थान पर सर्वप्रथम महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या के माध्यम से उनके महाविद्यालयों में सत्र 2022–23 के बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षायें किसी कारणवश छूट गई थी अथवा वे अनुपस्थित हो गये थे का आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15.06.2023 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने महाविद्यालय के सत्र 2022–23 के बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षायें किसी कारणवश छूट गई थी अथवा वे अनुपस्थित हो गये थे का आवेदन निम्न प्रारूप पर दिनांक 15.06.2023 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे इस सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके:–

क्र0सं0	महाविद्यालय का नाम	परीक्षार्थी का नाम	अनुक्रमांक	प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा छूट जाने/अनुपस्थिति का कारण

भवदीय

(प्रो0 सुधॉशु पाण्डिया)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, मीडिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप को सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, पी.एम.यू. सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड कराने एवं अन्य अग्रेतर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. अभिलेख खण्ड।

(अजय कुमार गौतम)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)